## खबर संक्षेप



### हाथियों के बचाव के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

**शहडोल।** जिले के वन परिक्षेत्र पश्चिम ब्यौहारी में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। एसडीओ रमेश धुर्वे ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों की निगरानी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। जिन इलाकों में हाथियों का मूवमेंट होता है, वहां पहले से ही वन विभाग की टीम जाकर लोगों को मुनादी कर जागरूक किया जा रहा है।

### सपा के राज्यसभा सांसद का फूंका पुतला



**शहडोल।** 27 मार्च को समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा मेवाड़ के राजा राणा सांगा को 'गद्दार और देशद्रोही' कहा गया है, जिसके कारण सम्पूर्ण क्षत्रिय समाज की भावनाओं को ठेंस पहुंची एवं समस्त क्षत्रिय समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। 11 अप्रैल की दोपहर लगभग 03:15 बजे स्थानीय गांधी चौक में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला दहन किया गया एवं नारेबाजी की गई।

### पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने कटोरी या बर्तन रखने कमिश्नर ने की अपील



**शहडोल।** जल दान से जीवनदान कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जैसा कि हम सभी जानते हैं, ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है और गर्मी में न केवल इंसान बल्कि बेजुबान पशु-पक्षी भी प्यास से व्याकुल रहते हैं। हमारी तरह उन्हें भी जल की आवश्यकता होती है, परंतु वे अपनी आवश्यकता किसी से कह नहीं सकते। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनके लिए भी पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अपने घर, छत, बालकनी या आंगन में एक कटोरी या बर्तन में स्वच्छ पानी अवश्य रखें, ताकि पक्षी अपनी प्यास बुझा सकें। यदि संभव हो तो गलियों या पेड़ों के नीचे भी मिट्टी के बर्तन रखें जिससे पशु भी लाभान्वित हो सकें। आपका यह छोटा-सा प्रयास कई मासूम जिंदगियों को बचा सकता है। आइए, इस गर्मी में बेजुबानों के लिए एक सच्ची मानवता का परिचय दें।

### चिपाढनाथ धाम के तालाब में लोगों ने श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल।** जल है तो कल है कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। जल गंगा संरक्षण संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड व्यवहारी अंतर्गत चिपाढनाथ धाम के तालाब में साफ सफाई एवं घाट की साफ सफाई का कार्य जन अभियान परिषद के परामर्शदाता व्यवहारी समस्त नव अंकुर समिति के प्रतिनिधि एवं बी.एस.डब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की छात्र छात्राओं सहित अन्य लोगों ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

### पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी

**शहडोल।** पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जनभागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। इसी कड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के ग्राम पंचायत मजीरा में जूनहा तालाब में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लोगों ने श्रमदान किया।

## ...तो पीसीबी के कायदों की ध्रुव कंस्ट्रक्शन उड़ा रहा धज्जियां

# क्रेशर और पत्थर खदान को लेकर शिकायतें और जांच रिपोर्ट रद्दी में

जयसिंहनगर के ग्राम ढोलर में मेसर्स ध्रुव कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं खनिज के कायदों से परे हटकर क्रेशर का संचालन और पत्थरों का खनन कर रहे हैं, इस मामले में पूर्व मे की गई शिकायतें और जांच रिपोर्ट विभाग से नदारद है, आरटीआई में भी दोनों ही विभाग सीधे जानकारी देने के बजाय मामले के गोलमोल जवाब दे रहे हैं।








शहडोल

खनिज संपदा से अल्हादित जिले में पत्थर, मुरूम का अवैध उत्खनन तमाम निगरानी और कार्यवाही के बाद भी थम नहीं रहा है, इस मामले में लगभग क्रेशर और पत्थरों की खदानें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों से परे संचालित हैं, पीसीबी के जिम्मेदारों को निरीक्षण तक की फुर्सत नहीं रह गई है। बीते वर्ष क्षेत्रीय प्रबंधक के स्थानांतरण के बाद यह कार्यालय वातानुकूलित कक्ष से ही मातहतों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जयसिंहनगर के ग्राम ढोलर में स्थित मेसर्स धुरव कंस्ट्रक्शन नामक क्रेशर और ली गई लीज की दर्जनों शिकायतें और जांच रिपोर्ट खनिज व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय में धूल खा रही है, हालात यह है कि विभाग अब शिकायतों के संदर्भ में मांगे जाने वाली जानकारी भी उपलब्ध कराने की जगह गोलमोल जवाब दे रहा है।

### यह है शिकायत का सार

संभागायुक्त तथा कलेक्टर के साथ ही खनिज विभाग में 18 दिसम्बर को शिकायत की गई थी, जिसमें तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 2/3-67/2018-19 दिनांक 18 मार्च 2019 के अवलोकन



के बाद इस आशय का आदेश अनुविभागीय अधिकारी जयसिंहनगर द्वारा 30 मार्च 2019 को पारित किया गया था, 24 मार्च 2019 को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम ढोलर की आराजी खसरा नं. 18/1 रकवा 12.41 हे. भूमि के अंश रकवा 6.00 हे. में मेसर्स ध्रुव कंस्ट्रक्शन कम्पनी से परे स्थल पर स्टोन क्रेशर एवं उत्खनन का कार्य किया जा रहा था। मेसर्स ध्रुव कंस्ट्रक्शन पंजी के द्वारा स्वीकृत लीज के रकवे के बराबर भूमि पर स्टोन क्रेशर का संचालन किया गया है।

### ...तो नहीं है पीसीबी की एनओसी

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मेसर्स ध्रुव कंस्ट्रक्शन को स्टोन क्रेशर लगाये जाने की अनुमति तो प्राप्त है, किन्तु पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्टोन क्रेशर संचालित किये जाने की अनुमति नहीं ली गई है। पिछले 06 महीनों से स्टोन क्रेशर का संचालन निर्बाध रूप से निरंतर किया जा रहा था एवं उत्खनन परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान 40 एम.एम. गिट्टी लगभग 20 हाइवा, 25 एम.एम. गिट्टी लगभग 20 हाइवा, 20 एम.एम. गिट्टी लगभग 20 हाइवा एवं बोल्डर 5 हाइवा संचित पाया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मेसर्स ध्रुव कंस्ट्रक्शन के द्वारा अवैध स्टोन क्रेशर का संचालन बिना स्वीकृति के किया जा रहा है। मेसर्स ध्रुव कंस्ट्रक्शन कम्पनी ढोलर के द्वारा खनिज अवैध परिवहन तथा भण्डारण का निवारण 2006 का उल्लंघन किये जाने के आरोप हैं।

### जांच रिपोर्ट से विभाग को परहेज

ध्रुव कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से संचालित क्रेशर और खदान के संदर्भ में बीते 18 दिसम्बर को शिकायत की गई थी, इस मामले में सोशल मीडिया में 24 मार्च 2019 के दस्तावेज भी वॉयरल हो रहे हैं, जिसमें तहसीलदार जयसिंहनगर के द्वारा जांच उपरांत अपनी रिपोर्ट सौंपी गई थी, तहसीलदार ने इस मामले में आकस्मिक निरीक्षण के बाद बिन्दू क्रमांक दो में यह स्पष्ट किया गया था कि पीसीबी से अनुमति नहीं ली गई है, तथा 6 माह से स्टोन क्रेशर का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने जिन बिन्दुओं का उल्लेख और जानकारी शिकायत में की गई है, उससे मिलती जुलती जांच रिपोर्ट जांच के उपरांत कार्यवाही के लिए एसडीएम को प्रेषित की थी। बावजूद इसके यह जांच रिपोर्ट कार्यवाही तक नहीं पहुंची और खनिज विभाग ने इस मामले में कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न होने का उल्लेख अपने जवाब में आरटीआई कार्यकर्ता को दिया है।

### आरटीआई में गोलमोल जवाब

24 मार्च 2019 को की गई जांच और तहसीलदार द्वारा कार्यवाही के लिए एसडीएम व खनिज विभाग में भेजी गई रिपोर्ट को दबा देने के आरोप हैं, बताया गया कि धुरव कंस्ट्रक्शन के मालिक अखिलेश पाण्डेय के यहां खनिज विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्तमान में सेवाएं दे रहे हैं, वहीं सेवा निवृत्ति से पहले यही सेवाएं ऑफ रिकार्ड दिया करते थे। इस मामले में पूर्व में हुई जांच रिपोर्ट तथा 18 दिसम्बर 2024 को की गई शिकायत की कोई भी कार्यवाही और प्रतिलिपि सूचना के अधिकार में उपलब्ध कराने से विभाग न सिर्फ कतरा रहा है, बल्कि गोलमोल जवाब देने में भी परहेज नहीं कर रहा है। इस मामले में 24 फरवरी को शिकायतकर्ता ने सूचना के अधिकार का आवेदन देकर विभाग से जानकारी चाही थी, लेकिन विभाग ने इस मामले में 07 अप्रैल को जो पत्र आरटीआई कार्यकर्ता को दिया, उसमें जांच रिपोर्ट के साथ ही शिकायत की कॉपी विभाग में उपलब्ध न होने का उल्लेख किया है।

# वन विभाग की धरपकड़ से विचलित हुए महुआ व्यापारी

### स्वेच्छाचारिता का आरोप लगा की शिकायत, पांच वाहन हुए जप्त



**शहडोल।** वनविभाग का उत्तर वनमण्डल महुआ व्यापार की धरपकड़ करने का अभियान चला रहा है। इस हेतु गोहपारू में नाकेबंदी की गई है। साथ ही विभाग का उडऩदस्ता सडक़ों पर चलते वाहनों की धरपकड़ कर रहा है। यह अभियान गोहपारू, जयसिंहनगर, जैतपुर, चुहरी की ओर चल रहा है। बताया गया कि अब तक विभाग ने महुआ से लदे पांच वाहनों को जप्त कर खड़ा कराया है। इस संबंध में किसानों व व्यापारियों ने वन संरक्षक तथा कलेक्टर से शिकायत कर इसे अनुचित कार्रवाई ठहराया है और उनसे राहत दिलाने की मांग की है। इस समय महुआ फूल गिरने का मौसम है और व्यापारियों द्वारा किसानों से महुआ खरीद कर संग्रहित किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में निर्धारित दरों पर वन विभाग द्वारा स्वयं महुआ खरीदा जाता था, लेकिन दाम कम होने के कारण किसान व्यापारियों को महुआ दे रहे हैं इसलिए वन विभाग अभियान चला रहा है। माना जाता है कि किसान स्वयं महुआ फूल व्यापारियों को दे रहे हैं। कुछ व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि नाके में वाहनों को रोक कर्मचारियों द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है।

### यह है व्यापारियों की शिकायत

पिछले कुछ दिनो से डीएफओ उत्तर वनमण्डल द्वारा महुआ खरीदी एवं परिवहन में व्यापारियों एवं किसानों के साथ शोषण किया जा रहा है। व्यापारियों द्वारा महुआ का परिवहन करने वाली गाडिय़ों को पकड़ कर फॉरेस्ट ऑफिस में खड़ा कर दिया जाता है। पूरे व्यापारी एवं किसानो द्वारा महुआ बिनने के बाद किसान बाजार ले कर जाते है, तो फॉरेस्ट वाले बाजार की गाड़ी एवं महुआ पकड़ कर जप्त कर लेते है और बात करने पर अनाप-शनाप और पैसो की मांग करते हैं। आज से पहले इस तरह का कोई नियम लागू नहीं रहा है। लेकिन इस समय कार्रवाई की जा रही है। जिससे किसान व व्यापारी हैरान हैं। पूरा शहडोल आदिवासी जिला जो महूआ में निर्भर है लेकिन इस तरह की कार्रवाई से महुआ व्यापार पर असर पड़ रहा है। किसान एवं व्यापारियों की परेशानी का समाधान अगर नहीं निकलता है तो सारे व्यापारी व किसान महूआ की खरीदी बिक्री पूर्णतः बन्द कर दी जायेगी और प्रदर्शन किया जाएगा।

### कम मूल्य देता है वन विभाग

किसानों को चूंकि वन विभाग महुआ का मूल्य 30- 35 रुपए किग्रा देता है, जबकि व्यापारी उसी महुआ फूल का मूल्य 40 रुपए, 50 रुपए दे रहा है, इसलिए किसान व्यापारियों को महुआ देने को तैयार रहता है। इसके अलावा व्यापारी अपने वाहनों से उसके घर आकर महुआ भरते हैं और उसे घर में ही भुगतान कर देते हैं। किसान को घर बैठे तत्काल रकम मिल जाती है। जबकि विभाग एक तो पैसे कम देता है और फिर किसानों को पैसे के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं। विभाग के कर्मचारियों का व्यवहार भी रूखा रहता है। इसलिए किसान विभागों से सरोकार रखना नहीं चाहते हैं। दूसरी ओर जब विभाग को महुआ मिलना बंद हो गया तो उसके कान खड़े हो गए और उसने अभियान छेड़ दिया।

### नाकेबंदी की व उडऩदस्ता दौड़ाया

विभाग ने गोहपारू के समीप वाहनों के लिए नाकेबंदी की है, जहां आते जाते वाहनों की जांच कर महुआ के वाहन पकड़ कर जप्त कर लिये जाते हैं। बताते हैं कि अब तक पांच वाहन पकड़े जा चुके हैं, जबकि दूसरी ओर चुहरी, जैतपुर की ओर से आने वाले वाहनो की धरपकड़ कर उडऩदस्ता को लगाया गया है। सडक़ों पर चलते वाहनों को उडऩदस्ता रोक कर जांच करता है। विभाग की इस चौकसी से व्यापारी परेशान हो उठे और उनके लिए महुआ का परिवहन कर पाना कठिन हो गया। व्यापारियों का कहना है कि व्यापारी अपने पिकअप व मिनी ट्रक लेकर महुआ भरने जाते हैं और लौटते समय उन्हे महुआ सहित पकड़ लिया जाता है। उन्हे वाहन जप्ती का कोई कागज भी नहीं दिया जाता है। जो व्यापारी कर्मचारियों की मु_ी गर्म कर देता है उसके वाहन छोड़ दिये जाते हैं।

### विभाग की ओर से सूचना नहीं

व्यापारियों का कहना है कि विभाग ने इस तरह की कोई सार्वजनिक रूप से कोई सूचना भी नहीं दी है कि व्यापारी, किसानो से महुआ नहीं खरीदें। इसके लिए केवल एक मात्र विभाग ही अधिकृत है। किसानों से सीधे महुआ खरीदना और उसका व्यापार करना दण्डनीय है। अगर ऐसी कोई सूचना आ जाएगी तो व्यापारी स्वयं खरीद-फरोख्त बंद कर देंगे। दूसरी ओर विभाग के एक कर्मचारी ने बताया कि व्यापारी नियमों को देखना नहीं चाहते, वे अनावश्यक घुसपैठ कर महुआ का दाम बढ़ा रहे हैं। विभाग ने इसीलिए धरपकड़ अभियान चलाया है। महुआ फूल चूंकि जिले की एक उपयोगी नगदी फसल है जो कि बहुतायत में यहां पाया जाता है, इसलिए विभाग सतर्कता बरत रहा है।

# लिफ्ट देने के बहाने युवक से हुई लूट

शहडोल

जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक युवक को लिफ्ट देने के बहाने बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे चार घंटे तक शहर में घुमाया और फिर रात के 01 बजे उसके मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गए। यह घटना बीती रात की है, जिसके बाद पीड़ित ने सोहागपुर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित अभिषेक कुमार गुप्ता, जो सिंगरौली का निवासी है, वह जबलपुर की एक कंपनी के लिए स्वैप मशीन लगाने का काम कर रहा था। वह कोतमा से लौटते समय देर रात शहडोल पहुंचा। वहां उसने बाइक सवार एक युवक से स्टेशन तक जाने के लिए लिफ्ट मांगी। बाइक सवारों ने उसे 30 रुपये में स्टेशन छोडऩे का प्रस्ताव दिया।

पुलिस से अभिषेक ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने मुझे स्टेशन तक छोडऩे के लिए सहमति दी, लेकिन इसके बजाय मुझे चार घंटे तक शहर में घुमाते रहे। इस दौरान उन्होंने शराब का सेवन किया। रात करीब 01 बजे युवक को बदमाशों ने बाइक से सोहागपुर के ग्राम छतरपुर ले जाकर लूट की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गए। इसके बाद अभिषेक पैदल ही थाने का पता करते-करते सोहागपुर थाने पहुंचा और पुलिस को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। लूट की वारदात की जानकारी जब थाने में आई तो युवक को लेकर कुछ पुलिसकर्मी घटनास्थल पहुंचे और मौके का जायजा लेकर थाना प्रभारी को घटा से अवगत कराया गया। युवक ने पुलिस को बताया कि उसके दो मोबाइल फोन और कुछ नकद रुपये कुल एक लाख की उसके साथ लूट की घटना को आरोपियों ने अंजाम दिया है।

### इनका कहना है...

हम मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही हम बदमाशों को पकडऩे में सफल होंगे। शहर में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी।

**भूपेंद्र मणि पाण्डेय**
थाना प्रभारी, सोहागपुर

# बाणसागर मण्डल का हुआ विस्तार



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष की सहमति के बाद बाणसागर मण्डल अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह बैस ने मण्डल का विस्तार किया है, मण्डल अध्यक्ष ने 6 उपाध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी, शारदा गुप्ता, रामायण बैस, राकेश ताम्रकार रीमती सुषमा साकेत, श्रीमती रेखा मिश्रा को बनाया है। नृपेन्द्र सिंह एवं श्रीमती ललेश खैरवार को महामंत्री की कमान सौंपी है। मण्डल मंत्री ओम प्रकाश कुशवाहा, रोहित सिंह बैस, चेतलाल प्रजापति, रीमती प्रियंका त्रिपाठी एवं संजय कोल को बनाया है। वहीं कोषाध्यक्ष का प्रभार रामलाल सिंह गोंड को सौंपा है। मनीष गुप्ता आईटीसेल प्रभारी, सुरेन्द्र सिंह सोशल मीडिया प्रभारी, संजय जायसवाल मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा है। श्रीमती सीमा कोल, श्रीमती विकला बैस, श्रीमती किरण कुशवाहा, श्रीमती जानकी कुशवाहा, श्रीमती निर्मला खैरवार एवं कमलेश साहू को कार्यसमिति सदस्य का दायित्व सौंपा है।

# नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई

शहडोल




विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस तपती गर्मी में आमजन की प्यास बुझाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब शहडोल के द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई। सभी रोटेरियन्स की उपस्थिति में सिविल सर्जन डॉ शिल्पी सराफ जी एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटे संजय कुमार शर्मा जी के कर कमलों से इसका उद्घाटन किया गया।

इसके माध्यम से जिला चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों और उनके परिजनों को शीतल जल सेवा के माध्यम से थोड़ी राहत पहुचाने का पुण्यलाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय कुमार शर्मा, सचिव सतेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष डॉ.दीपक कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, विजय दुबे राजेश गुप्ता, अजय विजरा एवं के.के.गुप्ता, डॉ.पुनीत श्रीवास्तव, अमित कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र नामदेव, अजय मौर्य, विनोद प्रधान,वाजिद अली, उपस्थित रहे।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ सोन कुत्ता का झुंड



**उमरिया।** जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर कोर परिक्षेत्र में शुक्रवार की सुबह दुनिया भर के जंगलों में दुर्लभ माने जाना वाला सोन कुत्ता (ब्नवद सचपदने) का झुंड दिखाई दिया है जो टाइगर रिजर्व की जैव विविधता में समृद्धि के लिए बड़ा ही शुभ माना जा रहा है। सोन कुत्ता के विषय में रोचक तथ्य हैं कि दुर्लभ श्रेणी का एक वन्यप्राणी है। हमेशा झुंड में रहते है। एक स्थान पर नियत नही रहते ओर किसी टाइगर रिजर्व के समस्त जंगलों में विचरण करते रहते है। झुंड में शिकार करते है और शिकार को जिंदा खाने लगते है। लगातार विचरण करते रहने के कारण इन्हें गिनना, पहचानना या ढूंढना मुश्किल होता है। नेशनल पार्क के संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि विभाग के मैदानी अमले को 11 अप्रैल को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र की पनपथा बीट में फील्ड स्टाफ को गश्त के दौरान 12 की संख्या में सोनकुत्ते तालाब में पानी पीते हुए दिखाई दिए। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दिखा दुर्लभ सोन कुत्ता का झुंड,पतौर कोर क्षेत्र में कैमरे में कैद हुए हैं। उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन पीके बर्मन ने बताया कि सोन कुत्ते अत्यंत दुर्लभ जीव है और किसी निश्चित स्थान पर न रहकर जंगलों में यहां वहां झुंड समेत विचरण करते रहते हैं। परिस्थितिक तंत्र में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

### आज हनुमान जयंती पर शोभायात्रा-भण्डारे के आयोजन



**शहडोल।** जिला मुख्यालय सहित विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में आज हनुमान जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, मुख्यालय के राजेन्द्र टॉकीज के पीछे पंचमुखी हनुमान मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ होगा एवं पंचायती मंदिर में समापन होगा। वहीं समीपी ग्राम गोरतरा में भी हनुमान जी की पूजा-अर्चना और शोभायात्रा निकाले जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा पर स्थित बरगवां अमलाई में हनुमान जयंती की विशेष पूजा, अर्चना, हवन तथा भण्डारे की तैयारियां की गई है, यहां 11 अप्रैल से रामचरित मानस एवं अखण्ड पाठ समापन के बाद अगले दिन 12 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पूजा-अर्चना के बाद 12 बजे से प्रसाद वितरण, देर शाम 07 बजे जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है, वहीं आज मारूति नंदन सेवा समिति एवं सनातन धर्म सतसंग समाज अमलाई के द्वारा एकादश मुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन आज से शुरू होगा, यहां मूर्ति की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा पहाड़ी में नवनिर्मित मंदिर में होगी। तीन दिनों तक आयोजित कार्यक्रम में आज सबसे पहले कलश यात्रा, फिर पंचांग पूजन, देव आवाहन के बाद प्रसाद वितरण होगा, वहीं रविवार को अन्नाधिवास, प्रसाद वितरण के उपरांत 14 अप्रैल को पुनः पूजन-प्राण प्रतिष्ठा के साथ हवन व भण्डारे का आयोजन किया गया है।

अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
संपर्क करे
आशीष नामदेव



मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

# कलेक्टर ने दिये सुचारू रूप से पेयजल परिवहन व आपूर्ति के निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में पेयजल परिवहन संबंधी बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों के समस्त वार्डो में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। निकाय में 163 हैंडपंप, 2 ट्यूबवेल चालू स्थिति में है, जिसमें 70 लीटर पानी प्रति व्यक्ति दो पाली में प्रदाय किया जा रहा हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदिया ने बताया कि वर्तमान में निकाय अंतर्गत 7 नग बोरवेल के माध्यम से नगर में सुबह एवं शाम 2 पारी में निरंतर पेयजल आपूर्ति कराये जाने की व्यवस्था है। निकाय में वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक 120 नग हैंडपंप स्थापित है जिस स्थल पर पानी का संकट उत्पन्न होने की स्थिति है। निकाय निर्मित होती है, उस स्थल पर 2 टैंकरो के माध्यम से जल आपूर्ति करा दी जाती है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नौरोजाबाद द्वारा बताया गया कि निकाय अंतर्गत सभी वार्डो में पाईप लाईन के माध्यम से पानी सप्लाई की जाती है। ग्रीष्मकाल में पेयजल परिवहन की आवश्यकता नही होती है। नगर परिषद में कुल 245 हैंडपंप, 06 पानी टेंकर, 11 समर्सियल चालू हालत में है। 50 लीटर प्रति व्यक्ति को जल प्रदाय किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पाली ने बताया कि नगरीय निकाय में पाईप लाईन के माध्यम से सभी वार्डो में पानी सप्लाई किया जाता है। निकाय में कुल 165 हैंडपंप, 04 पानी टंकी, 26 ट्यूबबेल चालू हालत में है। जिससे प्रति व्यक्ति 100 लीटर प्रतिदिन जल प्रदाय किया जाता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मानपुर ने बताया कि निकाय अंतर्गत 06 टैंकर, 03 ट्यूबबेल एवं 450 हैंडपंप है। जल निगम द्वारा लगातार पानी की सप्लाई की जा रही है, वर्तमान में जल संकट एवं समस्याएं नहीं है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायो के जिन वार्डों में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल परिवहन की आवश्यकता होगी उन वार्डो में नगरपालिका के ट्रेक्टर टेंकरो से जल प्रदाय कराये जाने के निर्देश जिला परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी उमरिया, नौरोजाबाद, पाली, मानपुर, चंदिया को दिए है ।



कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल व्यवस्था परिवहन के संबंध में चर्चा की । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के करकेली ब्लाक अंतर्गत कुल 19 ग्रामों में 15 अप्रैल से पेयजल परिवहन की आवश्यकता होगी जिस हेतु टेंकरो के माध्यम से पेयजल की सप्लाई की जानी है। चर्चा के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पाली द्वारा अवगत कराया गया कि ब्लाक के टकटई ग्राम में ग्रीष्म काल के दौरान पेयजल स्त्रोतो के सूख जाने पर ग्राम में पेयजल परिवहन की आवश्यकता होना बतलाया गया । कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि ग्राम में 01 हैंडपंप लगाया जाना है। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बांधवगढ, पाली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली से कहा है कि करकेली ब्लाक के बिछिया पंचायत के ग्रामों व पहाडी क्षेत्रों में और करकेली ब्लॉक के आकाश कोट क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बांधवगढ, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उमरिया को पेयजल व्यवस्था दूरूस्त रखने व निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि जनपद पंचायत पाली में ग्राम पंचायत घुनघुटी के गांधीग्राम में पेयजल की समस्या होने पर ट्रेक्टर टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की आवश्यकता होगी एवं जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम इंदवार के रेल्वे कंटिंग, मदनपुरा एवं ग्राम पंचायत दमोय अंतर्गत पटना एवं अन्य क्षेत्र में भी ग्रीष्मकाल के दौरान जलस्तर कम हो जाने पर पानी की समस्या होने पर टैंकर के माध्यम से पेयजल की पूर्ति होना बताया गया । कलेक्टर ने निर्देष दिए है कि जिन ग्रामों में पानी सप्लाई नही हो पा रही है उन ग्रामों में तत्काल बंद नलो व हैंडपंप को सुधार पश्चात तत्काल पानी सप्लाई कराये जाने हेतु एवं पेयजल योजना चालू करने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उमरिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली को निर्देशित किया गया। महाप्रबंधक जल निगम को निर्देशित किया गया कि पेयजल व्यवस्था हेतु पाईप लाईन बिछाये जाने की कार्यवाही अतिशीघ्र कर पेयजल की आपूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में बताया गया कि जिले में 292 नल-जल योजनाये संचालित है । ग्रीष्म काल के दौरान अनिवार्य होने पर निजी पेयजल के स्त्रोतों का अधिग्रहण किये जाने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी (रा0) समस्त को निर्देश दिये गये। ग्रीष्मकाल के दौरान नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल से संबंधित शिकायत के संबंध में मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के कार्यलयों तथा नगरपालिका कार्यलयो में शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किये जाने तथा कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर समाचार पत्रो में कराया जावे। कंट्रोल रूम मे प्राप्त शिकायतो की शिकायत पंजी का संधारण कर प्राप्त शिकायतो के निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भेजे जाने के निर्देश दिये गये । साथ ही ग्रीष्म काल के दौरान नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल के स्त्रोत सूख जाने पर टेंकरो के माध्यम से पेयजल प्रदाय की आवश्यकता होने पर राहत मद से पेयजल परिवहन कराये जाने हेतु जिला कार्यालय से स्वीकृति प्रदान कर किये जाने के उपरांत ही पेयजल परिवहन कराया जावे तथा उन ग्रामों की कार्ययोजना निर्धारित प्रपत्र में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुमोदन एवं निर्धारित मापदंडो के आधार पर ही स्वीकृत कर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के माध्यम से इस कार्यलय को प्रेषित को प्रेषित किये जाने जाने के निर्देश समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को दिये गये।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली टी आर नाग, महाप्रबंधक जल निगम पलक जैन, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एच एस धुर्वे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समस्त, सीईओ जनपद पंचायत समस्त उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेला

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि शासकीय उमावि कालरी उमरिया में 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक तीन दिवसीय नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में क्रय किए जाने वाली पुस्तके, यूनिफार्म, कापी, स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने हेतु जिला स्तरीय पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है । कलेक्टर ने मेले के सफल संचालन हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्य दायित्व सौंपा है । आयोजन समिति के सदस्यों को निर्देशित किया है कि सौपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें ।

### गेहूं विक्रय हेतु 12305 किसानों ने कराया पंजीयन

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में गेहूं विक्रय हेतु कुल 12305 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिसमें मानपुर के 7632 किसान, चंदिया के 1631 किसान, बिलासपुर के 1122 किसान, पाली के 505 किसान, बांधवगढ़ के 496 किसान, करकेली के 477 किसान तथा नौरोजाबाद के 442 किसान शामिल है ।

### थाना रामनगर पुलिस ने गुम महिला का किया दस्तयाब



**राजनगर।** सूचनाकर्ता अमृत लाल कोल पिता शंकर लाल कोल उम्र 29 वर्ष निवासी कोरकू दफ़ाई थानारामनगर आकर सूचना दिया कि उसकी पत्नी संगीता कोल पति अमृत लाल कोल उम्र 26 वर्ष की दिनांक 24.06.24 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है, काफी पता तलाश करने पर कोई पता नहीं चलने की सूचना पर गुमइंसान क्र. 27/2024 कायम कर जांच की गई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर द्वारा लगातार गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है जिस क्रम में गुम इंसान जांच के दौरान गुमशुदा की पता तलाश करने पर गुमसुदा को 10.04.25 को लहसुई कोतमा से दस्तयाब किया गया एवं गुमसुदा को उसके पति को सुपुर्द किया गया है । थाना प्रभारी सुमित कौशिक, स उ नि कमला टांडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# साल की पूजा के साथ शुरू हुआ महोत्सव

### उरांव आदिवासी समुदाय का सरहुल महोत्सव सम्पन्न

**उमरिया।** जिला मुख्यालय स्थित सगरा मंदिर के सामुदायिक भवन में उरांव जनजाति समुदाय का सरहुल पर्व आयोजित किया गया जिसमे उमरिया कटनी, अनूपपुर एवं शहडोल के उरांव जनजाति समुदाय के लोगों ने बढ़चढक़र हिस्सा लिया । कार्यक्रम की शुरुआत पिपलेश्वर शिव धाम में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर की गई। उरांव जनजातीय समुदाय ने अपने परम्परागत तरीके के साल के वृक्ष की पूजा की और आगामी साल भर के लिए खुशहाली की कामना की ,जिसके बाद सामुदायिक भवन में जनजातीय समुदाय का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनजाति समुदाय के पुरुष एवं महिलाओं ने अपने पारंपरिक वेष भूषा में पारंपरिक वाद्य यंत्र मादर के साथ अपने सामाजिक नृत्य और गीत संगीत की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में उरांव समाज शहडोल के अध्यक्ष देवनारायण तिर्की, उमरिया अध्यक्ष मोहर साय भगत, सचिव अजय भगत, उपाध्यक्ष ममता भगत, महिला संगठन अध्यक्ष संजीता भगत , एसडीएम उमरिया कमलेश राम नीरज सहित जनजातीय समुदाय के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सरहुल त्यौहार जनजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, खासकर उरांव जनजाति के लिए। उरांव जनजाति प्रकृति की पूजा करती है और सरहुल त्यौहार के दौरान वे साल के पेड़ की पूजा करते हैं। यह पर्व चौत्र मास शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा (एक्ति) से लेकर पूर्णिमा तक अपनी सुविधानुसार नव वर्ष के आगमन पर अपने घर परिवार स्वजन तथा गांव देश सबकी खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना करते हुए साल के पेड के पास हमारे प्रत्यक्ष देवों के जो हम सीधे तौर से पालित पोषित एवं संरक्षित हैं जो हमारे वातावरण में विद्यमान सूर्य, चन्द्र, नदी, तालाब, जंगल, और धरती माता की पूजा करते है। परंपरा के अनुसार, सरहुल पृथ्वी और सूर्य के बीच विवाह का भी प्रतीक है,यह कुडुख और सदान समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, कुडुख के बीच,इसे खद्दी ( कुडुख भाषा में जिसका अर्थ ष्फूलष है) के नाम से जाना जाता है। सरहुल त्योहार पर्यावरण की रक्षा का मैसेज भी देता है। इस दिन लोग नदी, तालाब, जंगल और धरती माता की पूजा करते हैं और उनके संरक्षण का वादा करते हैं। सरहुल पर्व, प्रकृति की पूजा का त्योहार है,यह आदिवासी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है , यह पर्व प्रकृति और जीवन के बीच संतुलन का प्रतीक है।

# सीएमएचओ ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकेली का निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी.चौधरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकेली का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने गर्मी के ताप से उपचार हेतु आरक्षित बेड एवं उपलब्ध औषधीय की जानकारी प्राप्त की गई । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करकेली में गर्मी के ताप से उपचार हेतु दो बेड है एवं औषधियां उपलब्ध है । राज्य से प्राप्त निर्देश अनुसार लु मैनेजमेंट किट उप स्वास्थ्य केंद्र तक बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया गया एवं प्रसव पश्चात नवजात शिशु व माता एवं परिजन से मिलकर मिल रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई । उन्होंने फूलमती पति अमर सिंह निवासी ग्राम ऊफरी विकासखंड करकेली से प्रसव उपरांत मिल रही सेवाओं एवं नवजात शिशु के स्तनपान टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल , आईडीएसपी डाटा मैनेजर सुधीर सोनी, बीसीएम रामनारायण पटेल , लोकेश्वर सूर्यवंशी, नितेश द्विवेदी , फार्मासिस्ट जिब्राईल खान एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

# कुपोषण प्रबंधन की थीम पर कार्यक्रम संपन्न




**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम ने बताया कि पोषण अभियान अंतर्गत सातवां पोषण पखवाड़ा के तहत 11 अप्रैल को समुदाय आधारित मॉड्यूल माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन, पोषण ट्रैकर मे लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने की थीम पर 10 दिवसीय शारीरिक माप दिवस का आयोजन कर दिवस हेतु निर्धारित बच्चों का वजन एवं लंबाई, उंचाई माप कर पोषण ट्रैकर ऐप में प्रविष्टि, परिवार के साथ बच्चे के पोषण स्तर की विगत तीन माह के ग्राफ पर आवश्यकता अनुसार पोषण परामर्श, सभी चिन्हित सैम, मैम, एसयूडब्ल्यू बच्चों का सी मैम कार्यक्रम में पंजीयन की गतविधि आयोजित की गई । कार्यक्रम में समुदाय सदस्य, जनप्रतिनिधि, महिला समूह सदस्य, समितियों के सदस्य, 3 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चो आशा स्वा0 कार्यकर्ता, सीएचओ शामिल हुए । कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वा एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण शहरी विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया ।

# आमाडांड खदान में ट्रांसपोर्ट कर्मी और मालिक को दी जान से मारने की धमकी



### रामराज रजक के खिलाफ थाने में हुई शिकायत

**राजनगर।** कोयले से लदी ज़िंदगी में जहां मजदूर खून-पसीना बहाकर रोज़गार का चूल्हा जलाते हैं, वहीं कुछ दबंग तत्व अपनी हनक और रसूख के दम पर इंसानियत और कानून दोनों को पैरों तले रौंदने में लगे हैं। ऐसा ही एक झकझोर देने वाला मामला रामनगर थाना क्षेत्र के आमाडांड ओपन कास्ट खदान से सामने आया है, जहां खुलेआम गाली-गलौज, धमकी और दहशत का तांडव मचा। फुलवारी टोला निवासी सुनील चौधरी, जो श्री गणेश ट्रांसपोर्ट में कार्यरत हैं और आमाडांड खदान के मुख्य गेट पर गाड़ियों की व्यवस्था देखते हैं, जिन्होने रामनगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि सुबह करीब 9 बजे ड्यूटी पर मौजूद रहने के दौरान भालूमाड़ा निवासी रामराज रजक अपने एक सहयोगी के साथ मौके पर आया और बदसलूकी पर उतर आया। सुनील चौधरी ने बताया, "रामराज रजक ने आते ही पर्ची की मांग की और कहा कि उसकी गाड़ी तुरंत अंदर लगाई जाए। मैंने नियम अनुसार बताया कि पहले से दस गाड़ियाँ लाइन में हैं, इस पर वह बुरी तरह भड़क गया और मुझे व मेरे सेठ आशीष मिश्रा को मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियाँ देने लगा। यही नहीं, उसने खुलेआम धमकी दी कि अगर उसकी गाड़ी नहीं लगी तो मेरे हाथ-पैर तोड़ देगा।"डर और तनाव की स्थिति में सुनील ने तुरन्त अपने मालिक आशीष मिश्रा को फोन कर घटना की जानकारी दी, लेकिन बात यहीं नहीं रुकी। रामराज रजक ने फोन पर ही उनके सेठ को भी अपशब्द कहे और धमकाते हुए कहा – "अब आमाडांड में काम करके दिखा, अब सबक सिखाऊंगा!" सुनील ने अपनी शिकायत में यह भी कहा, "मैं एक गरीब मजदूर हूं, मेहनत-मजदूरी से पेट पालता हूं। रामराज रजक इलाके का



कुख्यात दबंग है। उसकी धमकियों से मैं और मेरे मालिक दोनों भयभीत हैं। अगर हमें कुछ होता है तो उसके जिम्मेदार सिर्फ रामराज रजक होंगे।"घटना के बाद खदान क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मजदूरों और ट्रांसपोर्ट कर्मचारियों में गहरा रोष है। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या अब कोयला खदान में अपनी ड्यूटी करना भी जोखिम बन गया है? क्या गरीब मजदूरों की जान की कोई कीमत नहीं? वहीं मजदूर संगठनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दबंग तत्वों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई हो ताकि खदान क्षेत्र में कानून का राज स्थापित रह सके। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस धमकीबाज़ी पर नकेल कसता है या फिर मजदूर वर्ग की आवाज़ एक बार फिर सिसकियों में दबकर रह जाएगी।

### महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा, अहिंसा परमोधर्मः का हुआ उद्घोष

**बिजुरी।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मदिवस पर जैन समाज की ओर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया. शोभायात्रा बिजुरी जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार भ्रमण करते हुए फिर से जैन मंदिर आकर समाप्त हुई. इस मौके पर भगवान महावीर स्वामी की झांकी सजाई गई. शोभायात्रा में शामिल हुए लोग 'अहिंसा परमोधर्मः', 'जियो और जीने दो' जैसे नारों का उद्घोष कर रहे थे.आयोजन से जुड़े समाजसेवी मुकेश जैन ने बताया कि शहर में जैन समुदाय की ओर से शोभायात्रा से पहले सुबह मंदिरों में भगवान महावीर की भव्य झांकी सुसज्जित की गई. बाद में इस झांकी को पूरे शहर में शोभायात्रा के रूप निकाली शोभायात्रा में बैंड-बाजे, भजन मंडलियां भी शामिल की गई. इसमें भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों को दर्शाया गया. शोभायात्रा में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी पारंपरिक परिधान पहनकर शामिल हुए। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों जैसे सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का प्रचार-प्रसार करना है। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक भावनाओं को सशक्त करता है, बल्कि समाज में भाईचारे और नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देता है।



# भालूमाडा के मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी

**भालूमाड़ा।** नगर के गोल बाजार स्थित जायसवाल ट्रेडर्स मोबाइल दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने लगभग 15 लख रुपए के कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। मोबाइल दुकान के मालिक अजय जायसवाल के बताए अनुसार लगभग 15 लख रुपए कीमत के मोबाइल चोरों ने पार कर दिया है जो नगर ही नहीं जिले में सबसे बड़ी चोरी की घटना के रूप में सामने आ रही है यहां पर भी चोरों ने दुकान के पीछे से आकर ऊपर से सीट को काटकर दुकान के अंदर गए और अंदर लगे सीबी सीसीटीवी एक कमरे को तोड़ा गया वहीं दूसरे सीसीटीवी कैमरे का फोकस दूसरी ओर किया गया हालांकि इस बीच उन्हें यह जानकारी नहीं हो पाई की दुकान के फ्रंट में एक और कैमरा है जिसकी नजर में उनकी हरकतें कैद हो रही है हालांकि चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को बंद करने के लिए उन्होंने दुकान की काफी तारे काटी थी जिससे बिजली की आपूर्ति भी बंद हुई लेकिन इनवर्टर लगने के कारण कैमरा चालू रहा दुकान के अंदर तीन कैमरे लगे थे दो कैमरे को चोरों ने नुकसान पहुंचाया लेकिन तीसरे कैमरे ने उन्हें कैद कर लिया अनुमान यह लगाया जा रहा है कि गोल बाजार मुख्य बाजार है और जहां पर उनकी दुकान है उसके पीछे नाला है और वहां से काफी दूर तक जंगल है चोरी करने के पश्चात वे लोग उसी रास्ते की ओर से भागने में भी सफल हुए हैं यहां पर यह बात भी बताया गया की दुकान में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन दुकानदार अजय जायसवाल के मोबाइल से था और वह समय-समय पर अपनी दुकान का लोकेशन देखते रहते थे और बीती रात लगभग 3:00 बजे जब उनकी नींद खुली है तब उन्होंने अपने मोबाइल से दुकान को देखना चाह तो सीसीटीवी कैमरे बंद आ रहे थे तब उन्हें शंका हुई और वे अपने घर से दुकान आए उस समय चोर दुकान के अंदर ही थे तब अजय जायसवाल ने आसपास के रहने वाले लोगों को फोन करके जगाना चाहा तब तक 5-10 मिनट गुजर गए थे और इसी बीच चोरों को भी शायद पता चल गया की कोई है और वे लोग जिस सीट को काटकर अंदर आए थे उसी सीट के सहारे बाहर होकर और पीछे की तरफ से चोरी किए गए मोबाइल को लेकर फरार हो गए जब तक आसपास के लोग पहुंचे और दुकान का शटर खोलकर जैसे ही देखा तो सामने नजारा कुछ और ही था चोरों ने दुकान से काफी कीमती मोबाइल पार कर दिए थे जिसमें बताया गया है कि 13 पीस आईफोन के एक फोन वनप्लस का और अन्य कंपनियों के अलग-अलग फोन जिनकी कीमत दुकानदार के हिसाब से लगभग 14 से 15 लख रुपए बताई गई है चोरी की घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस घटनास्थल पर भी पहुंची और अपने हिसाब से जांच निरीक्षण किया वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने पर एसडीओपी कोतमा फॉरेंसिक टीम डाक स्क्वायड की टीम भी आई फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट भी आए और सभी ने अपने-अपने हिसाब से जांच परीक्षण किया है सीसी टीवी कैमरे में जो तस्वीर कैद हुई है उसके हिसाब से एक कर चोर सीट काट कर दुकान के अंदर गया था उसका चेहरा नकाब से ढका हुआ था पतला दुबला लंबे कद का युवक कैमरे में नजर आ रहा है और वह युवक नीचे से मोबाइल उठा उठा कर ऊपर देता गया है और दूसरा चोर मोबाइल को ऊपर सीट के ऊपर रखता गया है यह सारी घटना का जो समय है वह लगभग रात्रि के 3:00 से लेकर 4:00 के बीच बताया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी भालूमाडा संजय खालको ने बताया की चोरी की जानकारी मिलने पर जांच के लिए तत्काल घटनास्थल गए थे जहां पर लगभग 12 13 लख रुपए की चोरी का अनुमान है चोरों को पकड़ने के लिए साइबर सेल फिंगरप्रिंट व अन्य तकनीक के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है ।

## खबर संक्षेप

### श्री हनुमान जन्म उत्सव पर भजन संध्या का आयोजन



चिनौरी प्राप्त जानकारी अनुसार बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नेमुंहा के प्राचीन शंकर मन्दिर समिति द्वारा श्री हनुमान जनोत्सव के अवसर मेंश्री राम जागरण ग्रुप जबलपुर अदभुत झांकी,भजन संध्या का आयोजन 12 अप्रैल को किया जाएगा समिति के सदस्य ने बताया कि कार्यक्रम 11 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ अखंड मानस उपरांत 12 अप्रैल को विशाल भंडारा प्रसाद और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम में सम्मिलित हो प्रसाद ग्रहण करे और भजन संध्या का आनंद लेवे ऐसा सभीजन से आग्रह किया किया है।

### जल्द जीएम बन सकेंगे माइनिंग संभाग के अधिकारी, 15 से इंटरव्यू

**राजनगर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, तथा बीसीसीएल, वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड, समेत अन्य अनुषंगी कंपनियों में पदस्थापित माइनिंग संभाग के अधिकारी जल्द जीएम बन सकेंगे। शहडोल संभाग में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, जमुना- कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र के अंतर्गत कई माईनिंग अधिकारियों का ई 7 से ई 8 के अधिकारियों का प्रमोशन होना है। चीफ मैनेजर से जीएम में पदोन्नति को लेकर कोल इंडिया प्रबंधन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। संबंधित अधिकारियों की सूची तैयार कर इंटरव्यू की तिथि भी निर्धारित कर दी है। सूचना के मुताबिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 से 19 अप्रैल 2025 तक इंटरव्यू लिया जायेगा। इसके लिए संबंधित सहायक कंपनियों में व्यवस्था की गई है। आप को बता दें, कि माइनिंग संवर्ग के अधिकारियों की ई-7 से ई-8 में पदोन्नति दी जानी है।

### रात में महिला सुरक्षा की परिचायक बनी डायल 112/100 सेवा



**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में बस स्टैंड से एक महिला को अपने घर जाने के लिए साधन नहीं मिल रहा है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 10 अप्रैल को रात्रि 09:28 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जैतपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक संतोष सिंह धुर्वे, महिला आरक्षक मालती लता पटेल पायलेट तोहफिक खान ने मौके पर पहुँचकर बताया कि महिला रश्मि बैगा पति दुर्गेश बैगा को जैतपुर बस स्टैंड से शहडोल जाने के लिए रात्रि में कोई साधन नहीं मिल रहा था । महिला ने डायल-112/100 नंबर पर कॉल कर सहायता मांगी थी। डायल-112/100 जवानों द्वारा एफ आर व्ही वाहन से महिला को शहडोल पहुंचाया गया। देर रात सहायता के लिए महिला एवं महिला के परिजन द्वारा डायल-112/100 सेवा का आभार व्यक्त

## 11 सदस्यीय संचालक मंडल चुनाव सम्पन्न

# आज क्रेडिट सोसायटी चुनावः किसे मिलेगी क्रेडिट?

### अध्यक्ष पद पाने की कवायद मे सदस्यों को रिझाने में जुटे उम्मीदवार

**धनपुरी ।** बुढार एंड अमलाई कालरी वर्कस साख सहकारी समिति मर्यादित के 11 सदस्यीय संचालक मंडल चुनाव के लिए रविवार 6 अप्रैल को स्टाफ क्लब मतदान सम्पन्न हुआ। सोहागपुर एरिया के स्टाफ क्लब चुनाव को लेकर सुबह 9 बजे से ही सोसायटी के मेंबर मतदान करने के लिए एकत्रित होने लगे चुनाव में भारी उत्साह देखने को मिला चुनाव अधिकारी डीआर सिंह के द्वारा चुनाव की व्यवस्था बनाई गई थी मतदान शाम 5 बजे समाप्त हुआ। वोट पड़ने के 3 घंटे उपरांत मतगणना का कार्य शुरू किया गया जो पूरी रात चला सुवह तक जीत हार का फैसला हुआ।

### इनको मिली सफलता

क्रेडिट सोसाइटी के 11 सदस्यीय संचालक मंडल चुनाव के लिए 28 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में डटे रहे जिसमें 200 से अधिक मत पाने वाले विजयी घोषित हुए है। जिसमें से सबसे अधिक मत महेंद्र सिंह को 298 मत मिले वहीं विनोद कुमार तिवारी 278, अनिल कुमार जायसवाल 274 वोट मिले बृजेश पांडे 274 जय सिंह अहिरवार को 258 प्रभु नाथ पांडे 245 पुष्पेंद्र सेन 230 नौशेरमा खान 224 कैलाश यदव 223 मत मिले 10 उम्मीदवारों को जीत मिली। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी ए एल गुप्ता ने सभी को प्रमाण पत्र दिए।




### जोड़-तोड़ का दौर शुरू

बताया जाता है कि 4 पैनल मैदान में इस बार पैनल बनाकर इस चुनाव लड़ रहे थे सोसायटी में 11 सदस्यों के लिए चुनाव हुआ हर सदस्य 11 लोगों को मतदान किए हैं। विजयी पैनल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए विजयी सदस्यों की तोड़फोड़ रिझाने की कवायद शुरू हो गई है बताया जाता है कि जिसका पैनल अधिक मजबूत होगा बाजी उसी की होगी।

### किसकी होगी ताजपोशी

11 सदस्यीय संचालक मंडल के द्वारा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे क्रेडिट सोसाइटी कार्यालय में 12 अप्रैल को चुनाव होगा तब देखना है कौन बनेगा सोसायटी अध्यक्ष। बुढार एंड अमलाई कालरीज कर्मचारी कापरेटिव क्रेडिट सोसायटी चुनाव संपन्न हो गया। 28 उम्मीदवार संचालक मंडल निर्वाचन के लिए चुनाव लड़ रहे थे सोसायटी चुनाव किसी चुनाव से कम नहीं सोसायटी चुनाव को लेकर पूर्व सदस्यों द्वारा श्रमिकों से मेलजोल कर चुनावं की तैयारी में जुट गए हैं। कालरी क्रेडिट सोसायटी के लगभग 17 सौ बोटर है जो सोहागपुर एरिया के विभिन्न खदानों में कार्यरत हैं इन्ही लोगो के द्वारा अपना वोट डाल कर 11 सदस्य का निर्वाचन होगा और इन्हीं में से अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

### विधान पर सवालिया निशान

चुनाव को लेकर श्रमिकों का कहना है कि पूर्व श्रमिक नेताओ ने 40 वर्ष पूर्व क्रेडिट सोसाइटी स्थापना का उद्देश्य यह था कि जरूरतमंद श्रमिकों को समय पर ऋण उपलब्ध हो लाभ मिलसके लेकिन बागडोर सही हाथों में ना होने के चलते क्रेडिट सोसाइटी का बाबा आदम जमाने का बायलॉज होने के चलते श्रमिकों को लाभ की जगह शोषण होता दिखाई दे रहा है अबकी बार के चुनाव में ईमानदार नेता को अपना मत देने का विचार बना लिया है पुराने बाइलॉज को संशोधन कर नए बनाए जाए जिससे श्रमिकों का शोषण पर अंकुश लग सके।

क्रेडिट सोसाइटी का अध्यक्ष एवं सचिव पदम पाने के लिए जोड़-तोड़ जोर-जोर से जारी है और मौजूदा हालातो को देखते हुए कई चेहरे सामने आ रहे हैं। 10 सदस्यों जीत की घोषणा हुई और एक सदस्य निर्विरोध चुना गया यानी 11 सदस्यीय संचालक मंडल निर्वाचन के बाद अध्यक्ष पदक लिए को लेकर खलबली मच गई है। अटकलें लगाई जा रही है कि विनोद तिवारी अध्यक्ष पद केलए अनुभवी व्यक्ति है वही बृजेश पांडे और अन्य सदस्य भी अध्यक्ष की कर्सी में बैठने अध्यक्ष पदक दावेदारी कर रहा है देखना है ऊंट की करवट बैठता है।

## स्वयंसिद्ध हनुमान मंदिर लखेरन टोला में श्रद्धा एवं उल्लास से मनायी जायेगी जयंती

**बुढार।** श्री हनुमान जयंती महोत्सव की पुण्य अवसर पर लखेरन टोला बुढार स्थित स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर में श्री गुरु बजरंग संघ द्वारा 12 अप्रैल को हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ ही भव्य शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों में पूरे उल्लास के साथ निकाली जायेगी। पवनसुत श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 11 अप्रैल को प्रातः से श्री अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु जन पूरे श्रद्धाभाव से सम्मिलित हुये। श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के पूज्य महंत श्रीराम बालकदास जी के शुभाशिर्वाद से स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर के श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा श्री हनुमान जयंती पर पूरे उल्लास एवं भव्यता से विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### कालेज छात्रों को रिलायंस सेफ्टी टीम द्वारा आगजनी की घटित वाक्या को नियंत्रित करने अवगत कराया गया

**बुढार।** शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार में रिलायंस फाउंडेशन की फायर सेफ्टी टीम द्वारा फायर सेफ्टी सर्विस वीक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को आकस्मिक आगजनी की घटित घटना को नियंत्रित करने के विविध उपायों से महाविद्यालयीन छात्रों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया और अग्निशमन का प्रदर्शन कर आग पर नियंत्रण का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती गंगा मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वरिष्ठ प्राध्यापक - डॉ. अनिल उपाध्याय, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.एस. नापित, डॉ.ममता द्विवेदी, डॉ.एस.एम.प्रजापति, डॉ.मनोज कुजूर, डॉ. अनुप सेन की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालयीन छात्रों को रिलायंस सेफ्टी टीम द्वारा आगजनी की आकस्मिक घटित वाक्या में आगजनी पर नियंत्रण के उपायों से अवगत कराया जिसमें छात्रों के साथ-साथ महाविद्यालयीन प्राध्यापकों ने भी आगजनी के सुरक्षा उपकरणों को भली - भांति देखा व समझा तथा उपकरणों का घटित वाक्या से नियंत्रण पाने अपनायें जाने की नितांत आवश्यकता समझी। फायर सेफ्टी टीम के फायर ऑफिसर अरविंद वर्मा, तमीम अहमद तथा रिलायंस के डॉ. समीम खान ने जागरूकता कार्यक्रम के तहत आग के प्रकार और आग से बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक महाविद्यालयीन छात्रों को अवगत कराया, वहीं छात्रों तथा प्राध्यापकों से अग्निशमन का प्रदर्शन करवाये जाकर आग पर नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में रिलायंस सेफ्टी टीम में सहायक फायरमैन - मनोज साहू, मोहित कुमार की उपस्थिति रही।

## कलयुग के भगवान श्री हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन आज

**धनपुरी।** कलयुग के भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर धनपुरी नगर में विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति एवं हिंदू धार्मिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 12 अप्रैल को भव्य आयोजन किया जाएगा।

शहर के श्री राधा कृष्ण मंदिर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो जाएगा। मंदिर में,विशेष पूजन-अर्चन एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर किया जाएगा। मंदिर परिसर में कन्या भोज के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त नगरवासी प्रसाद ग्रहण करेंगे। हिंदू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होंगे 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में श्री हनुमान जी की झांकी के साथ चार पहिया वाहनों पर भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि, और लाल ध्वज के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुजन शोभा यात्रा सामिल होगे नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रद्धा भाव से सहभागी बनेंगे। नगर के विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत गणमान्य नागरिकों द्वारा किया जाएगा। यह शोभायात्रा मंदिर पहुंचकर भंडारे में परिवर्तित हो जाएगी।





**महाप्रसाद वरगवां मन्दिर में**

इसी क्रम में सिद्ध पीठ श्री बरगवां हनुमान मंदिर में भी 11 अप्रैल, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से रामचरितमानस अखंड पाठ एवं जागरण का विशेष आयोजन किया जाएगा।12 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से विशेष पूजा एवं प्रसाद वितरण दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा।

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगरवासियों में विशेष उल्लास है, और आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। धार्मिक वातावरण में श्रद्धा और समर्पण का भाव लिए यह आयोजन नगर की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

## जन सहयोग से जन अभियान परिषद द्वारा बांधा गया झिरिया नाला



**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में अपनी मिट्टी अपना जल आओ बनाये बेहतर कल की थीम पर जिले भर में 200 स्थानों पर बोरी बंधान किया जाना है । अपनी मिट्टी, अपना जल नवाचार के तहत पाली विकास खंड के घुनघुटी ग्राम पंचायत के झिरिया नाला में बोरी बंधान का काम किया गया। एसडीएम पाली ने कहा कि अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत जिले भर की ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों, स्वयं सेवी संस्थाओं, समाजसेवियों, शासकीय सेवको के सहयोग से नदियो में बोरी बंधान किया जा रहा है । जल केवल जीवन जीने का संसाधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में यह एक संस्कार की तरह है। हर बूंद में जीवन है, और हर स्त्रोत में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम इस अमूल्य धरोहर की हर संभव तरीके से रक्षा करें।

कार्यक्रम में एसडीएम पाली अम्बिकेश प्रताप सिंह , तहसीलदार पाली डीलन सिंह मरावी, कुंवर कन्हाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाली, रवीन्द्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद उमरिया, पुष्पा तेकाम ब्लाक समन्वयक पाली,शशि साहू परामर्श दाता, कौशलेश सूर्यवंशी, नवांकुर संस्था सचिव चंद्रकांत शिवहरे, रजनी सिंह अंजनी कुमार चंनपुरिया,पतरू राम भगत, उपयंत्री विजय सिंह उइके, हिमांशु जयसवाल उपयंत्री, इब्राहिम नोवानी, गणेश व्दिवेदी, अभिषेक पाण्डेय, सिरवतिया बैगा सरपंच घुनघुटी,नयन सिंह सचिव, जीवन बैगा पूर्व सरपंच,सतीश यादव आदि अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## जिले की सीमा में किसी भी प्रकार के प्रयोग हेतु नलकूप खनन प्रतिबंधित

**उमरिया ।** जिले में अल्प वर्षा के कारण भू-जल स्त्रोतों का जल स्तर नीचे जाना प्रारंभ हो गया है । जल स्त्रोतों का संरक्षरण एवं जल स्त्रोतों के जल का दुरूपयोग रोकने के साथ-साथ ग्रीष्मकाल के दौरान जिले की सीमा में नलकूप खनन पर पेयजल परीरक्षण अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाना आवश्यक हो गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मध्यप्रदेश पेयजल परीरक्षण संशोधिम अधिनियम 1986 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये पूरे उमरिया जिले को पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जिले में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति बनाये रखने हेतु अधिनियम की धारा 5 एवं 6 के अनुसार जिले की सीमा में किसी भी प्रकार के प्रयोग हेतु नलकूप खनन एवं समस्त जल स्त्रोतों का उपयोग आगामी आदेश तक पेयजल हेतु छोडकर अन्य कार्यों के लिये प्रतिबंधित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरी क्षेत्र में नगरीय निकाय पेयजल प्रयोजन के लिये नलकूप खनन कर सकते है, शेष सभी के लिये नलकूप खनन पूर्णतः आगामी आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।

जिले की सीमा में आम इंसान / जानवारों के उपयोग के पेयजल स्त्रोतों का सिंचाई या अन्य प्रयोजन के लिये उपयोग पूवर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी प्रकार से आम इंसान , जानवारों के उपयोग के पेयजल स्त्रोतों का उपयोग सिंचाई या अन्य प्रयोजन हेतु नही किया जायेगा। यह प्रतिबंध लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु खनन किये जाने वाले नलकूपों एवं पूर्व से सिंचाई के उपयोग हेतु निर्धारित स्त्रोतों पर लागू नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### धूल से परेशान व्यापारी सडक़ों में लगवा रहे झाड़ू



**बिरसिंहपुर पाली।** नवरात्र के दौरान सडक़ों की मरम्मत के नाम पर सडक़ों में प्रशासन द्वारा डस्ट और बजरी डलवाई गई थी जो सडक़ किनारे रहने वाले स्थानीयजनों व्यापारियों सहित आमजन के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। दिनभर धूल डस्ट से परेशान व्यापारियों ने अब धूल डस्ट से मुक्ति पाने के लिए स्वयं के व्यय पर मजदूरों से सडक़ों में झाड़ू लगवाकर धूल उठवा रहे है। व्यापारियों का कहना है कि नवरात्र पर्व पर सडक़ों की गढ्ढों को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा क्रेशर डस्ट और बजरी डलवाई गई थी, जिसके कारण बेतहाशा धूल उडऩे लगी थी। धूल के गुब्बारों से जीना मुश्किल हो गया है जिससे मद्देनजर अपनी अपनी दुकानों के सामने मजदूर लगाकर सभी व्यापारी और स्थानीयजन धूल डस्ट हटवा रहे है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस धूल डस्ट से हम सभी के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, लेकिन समस्या देखने और सुनने वाला कोई नहीं है। पाली-शहडोल मुख्य सडक़ मार्ग में आलम यह है कि व्यापारी और स्थानीयजन दिनभर सडक़ों में पानी सिंचाई करते देखे जा रहे है। स्थानीय जनों ने बताया कि सडक़ की मरम्मत के लिए कई बार स्थानीय नेताओं जनप्रतिनिधियों से आरजू मिन्नत भी की गई, लेकिन उनके कानों में जू नहीं रेंगता। इसलिए अब हम खुद धूल डस्ट हटाने के लिए सडक़ों पर उतरे है। गौरतलब है कि बीते महीने जिले के प्रभारी के पाली आगमन के दौरान स्थानीयजनों सहित मीडिया ने सडक़ों की बदहाल हालत को लेकर प्रभारी मंत्री का ध्यानाकर्षण कराया था, जहां उनके द्वारा जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया था, किंतु आज महीनों बीत जाने के बाद ठीक तरह न सडक़ों की मरम्मत की गई न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। नौरोजाबाद तिराहे से लेकर पाली के रामपुर तक सडक़ों की धज्जियां उड़ गई है, जिससे आमजन बेहद परेशान हैं। बहरहाल इस समस्या से शासन-प्रशासन कब तक मुक्ति दिलाता है

## 20 मई की हड़ताल को सफल बनाने का लिया संकल्प



**शहडोल।** कोयला श्रमिक संघ (सीटू) की एक महत्वपूर्ण बैठक 9 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे सोहागपुर क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय महासचिव कॉ. वी. एम. मनोहर एवं केंद्रीय अध्यक्ष कॉ. देवेंद्र निराला की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष कॉ. राकेश राय एवं कार्यवाहक अध्यक्ष कॉ. विनोद राय द्वारा अतिथियों का बुके देकर स्वागत कर की गई। इसके उपरांत कॉ. धीरेंद्र पांडेय, कॉ. इंद्रजीत पटेल (वेलफेयर बोर्ड सदस्य) एवं कॉ. नरेंद्र सिंह पटेल (सेफ्टी बोर्ड सदस्य) द्वारा माल्यार्पण कर केंद्रीय नेताओं का सम्मान किया गया। क्षेत्रीय सचिव कॉ. अरुण गौतम द्वारा साल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत की परंपरा को आगे बढ़ाया गया। स्वागत समारोह के दौरान 2024 की सदस्यता में उल्लेखनीय वृद्धि करने वाले सभी इकाइयों के अध्यक्ष एवं सचिवों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। बैठक में केंद्रीय महासचिव कॉ. वी. एम. मनोहर ने ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के आगामी तीन दिवसीय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी और 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रमिक हितों के विरुद्ध बनाए गए चार लेबर कोड सरकार की एक चाल है, जिससे पुरानी श्रम संहिताओं को समाप्त कर कोयला श्रमिकों के अधिकारों को छीना जा रहा है। केंद्रीय अध्यक्ष कॉ. देवेंद्र निराला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हड़ताल कोयला श्रमिकों के भविष्य की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित सभी साथियों से 20 मई की हड़ताल को सत प्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया। कॉ. अरुण गौतम ने अध्यक्ष एवं महासचिव की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि जो कानून आज समाप्त किए जा रहे हैं, वे आज़ादी के पहले से चले आ रहे श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी थे। यदि इन्हें रोका नहीं गया, तो श्रमिकों को फिर गुलामी की जंजीरों में जकड़ दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सोहागपुर क्षेत्र में 20 मई की हड़ताल पूर्ण रूप से सफल होगी।

### सेंट जोसेफ स्कूल ने किया अंडर 19 क्रिकेट मैच का शुभारंभ

**उमरिया।** जिले के पाली में संचालित सेंट जोसेफ स्कूल के द्वारा रात्रिकालीन पांच दिवसीय अंडर 19 क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। आयोजन के शुभारंभ में एसडीओपी एस.सी. बोहित, थाना प्रभारी एम.एल.मरावी, समाजसेवी प्रकाश पालीवाल, राम प्रकाश उपाध्याय, गोपाल अग्रवाल, धीरेन्द्र शर्मा, अमृत लाल विश्वकर्मा, बहादुर सिंह, शरद मोहंती, रशीद खान मामू खेल एवं युवा कल्याण विभाग की रेशमा श्याम शर्मा आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं प्रेषित की। सेंट जोसेफ विद्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के विभिन्न शहरी और ग्रामीण अंचल से खिलाड़ी शामिल होते है। अतिथियों ने इस आयोजन के लिए सेंट जोसेफ विद्यालय परिवार का आभार जताते हुए भविष्य में इस तरह के आयोजन करते रहने की बात कही। इस आयोजन में अंडर 19 के शामिल खिलाड़ियों ने भी विद्यालय परिवार को साधुवाद ज्ञापित कर कहा कि इस आयोजन से हम लोगों का उत्साहवर्धन होता हैं, वहीं हमें खेल के प्रति बढ़ावा मिलता है।



### विचारपुर में फुटबॉल खिलाड़ियों को मिलेगा शीतल पेयजल, मिला वाटर कूलर

**शहडोल।** मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका शहडोल के विचारपुर फुटबॉल मैदान में गर्मी के मौसम में खिलाड़ियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलरमय वाटर टैंक पीने के पानी हेतु उपलब्ध कराई गई। उमाशंकर चैरिटेबल एंड एज्युकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा सागर द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल रेंज सविता सोहाने, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राघवेंद्र द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी अन्य एसडीओपी गण, ट्रस्ट के सदस्य सहायक संचालक खेल (एनआईएस) फुटबॉल कोच रईस अहमद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सोहागपुर अजय कुमार सोंधिया खेल और युवा कल्याण विभाग, दयानंद सोंधिया की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर सफदर हुसैन बोहरा, फुटबॉल कोच अनिल सिंह, नरेश कुंडे, शंकर दहिया, लक्ष्मी सहित युवराज बीवी कांबले उपस्थित थे।



## अमरकंटक में रिमझिम फुहार से मौसम सुहावना



**अमरकंटक।** प्रदेश का प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज संध्याकाल सवा चार बजे से साढे चार बजे तक 15 मिनट तथा शाम पौने छः बजे हुई रिमझिम रिमझिम बारिश की फुहार से अमरकंटक नगर का मौसम एक बार फिर अत्यधिक सुहाना हो गया तापमान जो दोपहर में 31 डिग्री सेल्सियस चल रहा था वह वर्षा से 28 डिग्री सेल्सियस आ गया जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ अप्रत्याशित ढंग से हुई वर्षा के कारण यहां का मौसम अत्यंत सुहाना एवं ठंडक भरा हो गया है इस मौसम का आनंद आए पर्यटक तीर्थ यात्री एवं भक्त श्रद्धालु गण खूब मजे के साथ उठाते रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि जब भी अमरकंटक का मौसम का तापमान 32/ 33 डिग्री सेल्सियस पर आता है निश्चित तौर पर वर्षा होती है इससे पवित्र नगरी अमरकंटक का मौसम सुहाना होता है तथा ठंडक भरा होता है। इसके पूर्व भी लगभग 5 दिन पूर्व ऐसी ही रिमझिम रिमझिम वर्षा हुई थी फलस्वरूप मौसम में ठंडकता घुल गई थी।

## घायल हुए दो व्यक्तियों को डायल 100 ने पहुँचाया अस्पताल



**अनूपपुर।** अनूपपुर के थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र में सल्हारो गाँव के पास मोटर साईकिल फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 10-04-2025 को मध्यरात्रि में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक विमल सिंह एवं पायलेट दिनेश लाल ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि रैतवार करंजिया जा रहे दो व्यक्ति अज्ञात बोलेरो से क्रॉसिंग के दौरान मोटर साईकिल से गिरकर घायल हो गए थे। डायल-112/100 जवानों ने घायल प्रेमनारायण एवं श्याम सिंह दोनों निवासी रैतवार को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल पुष्पराजगढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## 736 वाहन चालकों पर कार्यवाही 632500 का लगाया जुर्माना



**अनूपपुर।** सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाकर दुर्घटना के मुख्य कारण जैसे ड्रिंक एंड ड्राइव ओवर स्पीडिंग तथा दुर्घटना घटित होने पर मृत्यु के मुख्य कारण जैसे बिना हेलमेट वाहन चलाना तथा दुर्घटना पर पीड़ित को उचित मुआवजा मिल सके इसके लिए वाहनों के दस्तावेजों की चेकिंग करने के निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत अनूपपुर पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चालानी कार्यवाही में बिना थर्ड पार्टी बीमा वाहन पाए जाने पर 10 वाहनों पर ,बिना फिटनेस होने पर 6 वाहनों पर , वाहनों में एच एस आर पी नंबर प्लेट ना होने पर 130 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 32 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। प्रदूषण सर्टिफिकेट ना होने पर 20 वाहनों पर कार्यवाही की गई। कुल 736 वाहन चालकों पर कार्रवाही करते हुए 6,32,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## झारखण्ड के रामगढ़ जिले की खोई बालिका को मिला अपना बिछड़ा परिवार

### कलेक्टर के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने अल्प समय में किया रेस्क्यू

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में लगातार बिछड़ों को अपनों से मिलाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 22 मार्च को रेलवे पुलिस द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचित किया गया कि रेलवे प्लेटफार्म में एक 15 वर्षीय बच्ची घूमती हुई मिली है। तत्पश्चात बच्ची को रेलवे पुलिस तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले द्वारा बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा नियमानुसार बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए बालिका को अस्थाई आश्रय प्रदान करने हेतु वन स्टॉप सेंटर अनूपपुर में प्रवेशित किया गया। बालिका की काउंसलिंग वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर द्वारा की गई जिसमें बालिका ने अपना पता जिला रामगढ़ राज्य झारखंड बताया। तत्पश्चात जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी जिला रामगढ़ राज्य झारखंड से संपर्क किया गया, जिसमें बालिका का पता ग्राम हेसला जनता नगर थाना पतरातु जिला रामगढ़ होना पाया गया एवं बालिका की बड़ी बहन श्रीमती रेखा देवी से सम्पर्क किया गया। बालिका की बहन रेखा देवी बालिका से बात कर अत्यधिक प्रसन्न हुई एवं भावुक होकर भाव विभोर हो गई। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 में विहित प्रावधान अनुसार बालिका की सामाजिक जांच रिपोर्ट प्राप्त कर बालिका को परिवार के सुपुर्द किए जाने हेतु आहूत किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी विनोद परस्ते द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग एक माह से खोई हुई छोटी बहन को देखकर बड़ी बहन अत्यंत भावुक होकर रोने लगी। बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती अभिलाषा पटेल द्वारा बड़ी बहन को समझाइश देकर शांत किया गया। तत्पश्चात बाल कल्याण समिति की सदस्य द्वारा अधिनियम के प्रावधान के अनुसार आवश्यक कार्यवाही कर बालिका को बाल कल्याण समिति जिला रामगढ़, राज्य झारखंड की ओर परिजनों की अभिरक्षा में स्थानांतरित किया गया। बालिका को सकुशल पाकर झारखंड से आए परिजनों द्वारा कलेक्टर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का आभार व्यक्त किया गया।

## हनुमान मंदिर का द्वार सजकर तैयार, आज मनाएंगे जन्मोत्सव का त्यौहार

# मंदिरों में की गई आकर्षक सजावट, आज दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम

जिला मुख्यालय अनुपपुर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार को हनुमान जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जगह-जगह मंदिरों में आकर्षक सजावट की जा रही है श्रृंगार, सुंदरकांड पाठ, हवन, पूजन और बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, भंडारा प्रसादी का भी आयोजन है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

अनूपपुर







प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज के दिन जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 01 में स्थित प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। इस उत्सव के लिए लोगो ने कई दिनों से दिन-रात लगकर तैयारी को अंतिम रूप तक पहुंचाया हैं।आज हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के समस्त धार्मिक,सामाजिक,लोगो के साथ ही एक बड़ी संख्या में पुरुषों तथा माता बहनों की भीड़ एकत्रित होकर उक्त आयोजन को सफल बनाएगी। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष 12 अप्रैल दिन शनिवार को आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर में भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है।साथ ही यह भव्य उत्सव आज के दिन श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुताबिक शुभारंभ आरती श्री शिव मारुति मंदिर में होगी एवं समापन आरती बस स्टैंड में की जाएगी। जहां जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियो सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा नगर के वरिष्ठ सामाजिक एवं धार्मिक नागरिक गण उपस्थित रहेंगे।

### शोभा यात्रा के साथ होंगे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आसपास में स्थित गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर शोभा यात्रा की भव्यता को और भी बढ़ा देते है। जिसमें मनमोहक झांकियां,साज सज्जा के साथ भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बनाएंगे। इस भव्य कार्यक्रम में पूरा अनूपपुर शामिल रहेगा। इस महा आयोजन को देखते हुए पूरे अनूपपुर में विशेष तैयारी की जा रही है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। प्रातः 9.00 बजे विशेष पूजा 12 बजे से भंडारा और शाम 4 बजे से भव्य शोभा यात्रा, बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन, राम कथा, हनुमान चालीसा आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

### जिले भर में हर्षोल्लास का माहौल

हनुमान जन्मोत्सव में जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे,ताकि वे इस भव्य आयोजन के साक्षी बन सके। जिले के लिए यह आयोजन धार्मिक और संस्कृत दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। शिव मारुति युवा संगठनअनूपपुर द्वारा निवेदन किया गया है कि यह जानकारी अनूपपुर तथा आसपास के क्षेत्र तक पहुंचाएं और शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई हैं।

### श्री रजहा धाम में भी हर्षोल्लास के साथ मनेगा जन्मोत्सव

श्री रजहा धाम हनुमान मंदिर समिति के सदस्य एड. संजय कुमार सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रजहा धाम हनुमान मंदिर में बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ भगवान हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर प्रातः– पूजा–अर्चना, दोपहर अनूपपुर बस्ती नगर भ्रमण शोभा यात्रा, शाम – विशाल भंडारा एवं संध्या भजन का आयोजन किया जाना है। श्री रजहा धाम हनुमान मंदिर समिति आप सभी नगर के गणमान्य नागरिक, हनुमान भक्त, धर्म प्रेमियों से निवेदन करती है कि मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान हनुमान जी महाराज का दर्शन लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

### सिद्धबाबा डोगरिया में होगी एकादशमुखी श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना

नगर परिषद बरगवां मे सिद्धबाबा डोगरिया वार्ड नंबर 5 मे 12 से 14 अप्रैल तक दिव्य एकादशमुखी श्री हनुमानजी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आज होगा जिसके आयोजक मारूति नंदन सेवा समिति अमलाई व सनातन धर्म सत्संग समाज अमलाई हैं। आज दिव्य कलश यात्रा के साथ पूजन, अन्नाधिवास, प्रसाद वितरण के साथ ही 14 अप्रैल को पूजन प्राण प्रतिष्ठा हवन एवं भण्डारा होगा।

### कोयलांचल में भी रहेगी धूम

कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 5 जखीरा चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुबह 11 बजे से सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा एवं भण्डारा का प्रसाद वितरित किया जायेगा। कोतमा नगर के लहसुई कैंप थाना परिसर ठाकुर बाबा धाम स्टेशन चौक काली मंदिर पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर में भी हनुमान जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। वहीं दैखल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में स्थित सिद्ध बाबा बड़े हनुमान मंदिर सहित मेन टोला बिजुरी कोरजा कालरी राजनगर रामनगर अमरकंटक राजेंद्रग्राम भालूमाड़ा जमुना कालरी वेंकटनगर चचाई बरगवां अमलाई बदरा सकोला देवहरा मे स्थित हनुमान मंदिरों मे सुंदरकांड का आयोजन के साथ हवन होगा जिसमें सभी श्लोक के पाठ के साथ आहुति डाली जाएगी। इसके साथ ही फूलों से मंदिरों को सजाया जा रहा है। बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। महा आरती महा प्रसादी होगी। पंचमुखी हनुमान मंदिर स्टेशन चौक पोड़ी चोड़ी गांव के पास हनुमान टेकरी पर विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मे अल सुबह अभिषेक किया जाएगा। सुंदरकांड के पाठ के साथ हवन कर विशाल भंडारा होगा, वहीं हनुमान मंदिरों मे शनिवार सुबह साढ़े 6 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। शाम को संध्याकालीन आरती के बाद भंडारा प्रसादी होगी। हनुमान जयंती को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। हनुमान मंदिरों मे सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## हाथियों के ताण्डव से परेशान ग्रामीण

### जमीन में नहीं पेडों पर बनाया आशियाना

### हाथियों और ग्रामीणों के बीच द्वंद पर निष्क्रिय जिला प्रशासन



**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर एक दांत वाला एक हाथी विगत 22 दिनों से तथा दो हाथी विगत 14 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके के जंगल में डेरा जमाए हुए हैं एक सप्ताह से अधिक समय से तीनों हाथी दिन एवं रात में जंगल के अंदर रहकर समय ब्यतीत कर रहे हैं जबकि गुरुवार की रात तीनों हाथियों द्वारा एक घर में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे सामान को खाया वही एक बैगा जनजाति समुदाय का युवक हाथियों के डर से पूर्व में अनेकों वार हाथियों द्वारा तोड़े गए घर के समीप एक पेड के ऊपर खाट रखकर शाम होते ही पेड के ऊपर रहकर हाथियों के विचरण पर निगरानी रख रहा है। एक दांत वाला नर हाथी विगत 20 मार्च के दिन रात 41 दिन बाद फिर से छत्तीसगढ़ राज्य के कटघोरा वन मंडल में स्थित अपने 40 से अधिक हाथी साथियों के समूह से अलग होकर मरवाही वन परिक्षेत्र एवं वन मंडल सीमा को पार करते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में प्रवेश कर जैतहरी,अनूपपुर एवं राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करने बाद अपने दो साथियों के जिसमें एक बड़ा तथा एक छोटा आकार का हाथी है जो संभवत पहली बार अपने समूह से अलग होकर विचरण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र की सीमा को पार करते हुए 29 मार्च की रात वन परिक्षेत्र जैतहरी के धनगवां एवं चोलना बीट के जंगल में प्रवेश कर निरंतर जंगल के अंदर ही दिन-रात रह रहे हैं जिसके साथ 5 अप्रैल की सुबह एक दांत नर हाथी के मिल जाने से तीनों हाथी एक साथ विचरण कर रहे हैं गुरुवार की रात कई दिन बाद तीनों हाथी ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के कोसमटोला में झुमुकलाल पिता आलमशाय सिंह के घर में अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखी खाने की सामग्री को अपना आहार बनाते हुए शुक्रवार के दिन धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगा हुआ है जिसमें तीनों हाथी सातवें दिन ठहरकर विश्राम कर रहे हैं। इस जंगल के अंदर तेंदू, बांस, गुंजा सहित अनेको प्रजाति के पेड़ बहुतायत मात्रा में होने आमापानी, जुगवारी धार एवं सोननदी मे पानी पीकर विभिन्न तरह के पेड़ों को अपना आहार बना रहे हैं। हाथियों के निरंतर विचरण पर वनविभाग द्वारा दो तरह के गस्ती दल तैयार कर पूरी रात हाथियों के विचरण पर ग्रामीणों की मदद से सूचनायें प्राप्त कर निरंतर निगरानी की जा रही है वही ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगे पाड़ाडोल जो जंगल से लगा हुआ है में दऊवा बैगा नामक युवक जिसके आसपास के दो-तीन घरों को अनेको बार हाथियों द्वारा आने एवं जाने का मार्ग बना रखा है में तोड़फोड़ कर नुकसान किए जाने के कारण घर के पास स्थित एक पेड़ के ऊपर अपना उपयोगी सामान बांध कर,रख कर एक खाट को पेड़ में चढा कर रखकर रात में अकेले रहकर हाथियों के विचरण पर निगरानी रख रहा है उसके तथा उसके पड़ोसियों के द्वारा शाम होते ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों को हाथियों के डर एवं सुरक्षा की दृष्टि से बीच गांव, बस्ती में ग्रामीण जनों के घरों में निरंतर ठहरा देता है।

## जैन मंदिर में परंपरागत ढंग से मनाई गई भगवान महावीर स्वामी जयंती

### मोटर साइकिल रैली निकालकर जियो और जीने दो का दिया संदेश



अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में भी स्थानीय दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र में 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की पावन जन्म जयंती पूरे श्रद्धा हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में परंपरागत ढंग से धार्मिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर शांति धारा विधान अभिषेक पूजन अर्चन कर आरती की गई । भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती मनाए जाने के अवसर पर जैन धर्मावलंबी भक्त श्रद्धालु गण भारी संख्या में आस्था एवं विश्वास पूरे मनोयोग से तल्लीन दिखे।

इस पावन उपलक्ष पर सकल जैन समाज ने दिगंबर जैन मंदिर परिसर से विशाल मोटरसाइकिल रैली नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली । विशाल मोटरसाइकिल रैली में धर्म ध्वजा लहराते हुए तथा शांति का प्रतीक गांधी टोपी लगाकर पूरे जोश खरगोश के साथ भगवान महावीर स्वामी एवं भगवान आदिनाथ का जय घोष लगाते हुए चले उक्त वाहन रैली लगभग 5 किलोमीटर चली जो की नाका तिराहा कल्याण सेवा आश्रम मृत्युंजय आश्रम मार्ग रामघाट मार्ग नगर का मुख्य बाजार नर्मदा मंदिर परिसर के सामने से होकर वापस जैन मंदिर में समाप्त हुआ। इसके पूर्व प्रातः 8ः बजे भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती जैन मंदिर परिसर में प्रतिमा का शांति धारा विधान अभिषेक पूजन अर्चन धार्मिक सामाजिक विधि विधान से भक्ति भाव के साथ सकल जैन समाज ने किया। सकल जैन समाज ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया था भगवान महावीर स्वामी ने सत्य दया करुणा भाव का संदेश तो दिया ही तथा जियो और जीने दो मार्ग भी दिखाया है हम सब इसी मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे। भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती परंपरागत एवं प्योर धार्मिक विधि विधान से मनाए जाने के अवसर पर जैन समाज के प्रमुख लोगों में सुनील जैन निलेश जैन देवेंद्र जैन सोनू जैन महेश जैन अमरचंद जैन सीताराम जैन आदित्य जैन अभिषेक जैन संदीप जैन राकेश जैन विनय जैन अंकित अग्रवाल साहिल अग्रवाल धर्मेंद्र सोनी विनायक द्विवेदी मोनू केसरवानी सचिन सैनी हिमांशु सोनवानी सुफल मोंगरे आदि सभी उत्साही जन शामिल रहे । समापन अवसर पर सभी को तथा बाहर से आए श्रद्धालुओं को मिष्ठान प्रसाद वितरित किया गया।

## ब्लड बैंक यूनिट की मात्रा जानकारी नियमित बुलेटिन हो जारी

### जरूरतमंदों के लिए जारी हो हेल्पलाइन नंबर



**अनूपपुर।** रक्त की आवश्यकता जब किसी मरीज को अस्पताल में पड़ती है, तब कई बार ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध नहीं होता। ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन परेशान होते हैं और इधर-उधर भटकते हैं। कई बार समय पर रक्त न मिलने के कारण गंभीर स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसी चिंता को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आदर्श दुबे ने एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है। आदर्श दुबे ने कहा कि ब्लड बैंक यूनिट की उपलब्धता को लेकर रोजाना बुलेटिन जारी किया जाना चाहिए, जिससे आमजन को यह जानकारी हो कि किस ग्रुप का ब्लड कहां उपलब्ध है। साथ ही जरूरतमंदों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिस पर संपर्क करके तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के इस युग में एक ऐसा डिजिटल सिस्टम तैयार किया जा सकता है, जिसमें रक्तदाताओं और जरूरतमंदों का एक सक्रिय नेटवर्क तैयार हो। इस नेटवर्क के माध्यम से न सिर्फ समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है बल्कि कई जानें भी बचाई जा सकती हैं।

### समाजसेवियों और युवाओं से की अपील

आदर्श दुबे ने समाजसेवियों, युवाओं, पत्रकारों और सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे रक्तदान को एक जन आंदोलन बनाएं और समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि "हम सब मिलकर ही इस संकट को दूर कर सकते हैं, क्योंकि एक यूनिट खून किसी की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से भी आग्रह किया है कि ब्लड बैंक यूनिट की स्थिति पर निगरानी रखते हुए नियमित रूप से अपडेट्स जारी करे और सभी अस्पतालों को इस प्रणाली से जोड़ा जाए।



